<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
<u>02.04.2025</u>

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम आंचलिक कार्यालय ने 31.03.2025 को केनरा बैंक और एसबीआई से 176.70 करोड़ रुपये के ऋण की चूक के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मेसर्स लक्ष्मी प्रिसिजन स्क्रू प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित 156.33 करोड़ रुपये की 12 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियों में दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम और रोहतक में स्थित 12 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनमें 20 एकड़ से अधिक की 7 व्यावसायिक भूमि, रोहतक और गुरुग्राम में स्थित 4 एकड़ कृषि भूमि और मुंबई और दिल्ली में स्थित 4 व्यावसायिक फ्लैट-सह-कार्यालय शामिल हैं।

ईडी ने मेसर्स लक्ष्मी प्रिसिजन स्क्रू प्राइवेट लिमिटेड, प्रमोटर ललित के जैन, राजेश के जैन, विजय कुमार जैन और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए भादस, 1860 की धारा 120 बी और 420 के तहत अपराधों से संबंधित सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। आरोपों में तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करके / छिपाकर बैंकों के संघ को धोखा देना, ऋणदाता बैंक की सहमति के बिना गिरवी रखी गई संपत्तियों का निपटान करना और संबंधित कंपनियों के साथ बेईमानी से व्यापार करना शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप बैंकों के संघ को 176.70 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

इस मामले में सीबीआई ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। इसके अलावा, कॉरपोरेट देनदार की समाधान प्रक्रिया अभी तक अंतिम रूप नहीं दी गई है और माननीय एनसीएलटी ने कॉरपोरेट देनदार के परिसमापन की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है।

ईडी की जांच से पता चला है कि कंपनी मेसर्स लक्ष्मी प्रिसिजन स्क्रूज लिमिटेड झूठे और मनगढ़ंत स्टॉक स्टेटमेंट जमा करके और ट्रेडिंग की आड़ में एलसी फंड को डायवर्ट करके धोखाधड़ी की गतिविधियों में लिप्त थी। जांच से पता चला कि मेसर्स एलपीएस प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों ने उच्च क्रेडिट सीमा प्राप्त करने के लिए कंपनी की वास्तविक वित्तीय स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत किया**,** जिसके परिणामस्वरूप बैंक को धोखा दिया गया और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया गया। कंपनी ने ऋणदाता बैंकों से एनओसी प्राप्त किए बिना कुछ गिरवी रखी गई जमीन को दूसरे व्यक्ति के पास रखी गई दूसरी जमीन के साथ बदल दिया।

आगे की जांच जारी है।